# मेरा गुज़ारा | By Rajan Das

दरबार तेरा श्याम हमसे ना छूटे
दुनिया हमसे श्याम चाहे रूठे
तेरी जुदाई श्याम हमे ना गवारा
तेरे दर से चलता मेरा गुज़ारा

ज़िन्दगी को मेरी श्याम तूने संवारा
तेरे दर से चलता मेरा गुज़ारा
ज़िन्दगी को मेरी श्याम.........

गर्दिश में कोई श्याम साथ नहीं था
थामे जो मुझको कोई हाथ नहीं था
ज़माने की ठोकर से मिला तेरा द्वारा
तेरे दर से चलता मेरा गुज़ारा
ज़िन्दगी को मेरी श्याम.........

राजन का तुमसे इतना है कहना
सुख हो या दु:ख हो सदा संग रहना
एक भरोसा तेरा तेरा ही सहारा
तेरे दर से चलता मेरा गुज़ारा
ज़िन्दगी को मेरी श्याम.........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%97%e0%a5%81%e0%a4%9c%e0%a4%bc%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-by-rajan-das-patna/